खो-खो, शतरंज के विजेता-उप विजेताओं को यूटीयू के कुलपति ने किया सम्मानित

विजेता-उप विजेता खिलाड़ियों के साथ कुलपति व इंस्टीट्यूट के प्राध्यापक।

पंजाब केसरी

■ जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

विकासनगर, 31 अक्तूबर (सुरेश): जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित खो-खो और शतरंज प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉ. ओंकार सिंह और संस्थान के वाइस चैयरमैन संदीप सिंघल ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभा कर रहे उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के सभी सस्थानों के छात्रों को हौसला बढ़ाया और बधाई दी। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेताऔ को सम्मानित किया। बताया इस वर्ष खो-खो प्रतियोगिता पुरुष वर्ग की विजेता टीम आर आई टी रुड़की रही, तो उपविजेता जीबीपीआईईटी पौड़ी की टीम रही। महिला वर्ग में शिवालिक इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी देहरादून विजेता रही तो उपविजेता रुड़की इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी रही। शतरंज प्रतियोगिता में महिला वर्ग में सलोनी मिश्रा जीबीपीआईईटी विजेता तो वर्तिका श्रीवास्तव जेबी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी देहरादून उप विजेता रही। बताया पुरुष वर्ग में कृष्ण बिष्ट जीबीपी-आईईटी पौड़ी विजेता रहा। तो उपविजेता माया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के आयुष्मान रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, सेक्रेटरी रजत सिंघल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

पंजाब केसरी